## खबर संक्षेप

### उच्च शिक्षा मंत्री परमार का कटनी आगमन आज

**कटनी।** प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार शनिवार 1 मार्च को वंदे भारत एक्सप्रेस द्वारा रानी कमलापति स्टेशन से रात्रि 9 बजे कटनी आएंगे। वे यहां निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे और रात्रि विश्राम सर्किट हाउस करेंगे। उच्च शिक्षा मंत्री रविवार 2 मार्च को प्रातः 6:45 बजे इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस द्वारा कटनी से अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### निगमायुक्त को जिला परियोजना अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार


**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने एक आदेश जारी कर जिला शहरी विकास अभिकरण के जिला परियोजना अधिकारी कटनी का प्रभार आयुक्त नगर पालिका निगम नीलेश दुबे को अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश पर्यन्त तक सौंपा है। उल्लेखनीय है कि जिला शहरी विकास अभिकरण के जिला परियोजना अधिकारी कटनी का प्रभार पूर्व में श्री विवेक गुप्ता, डिप्टी कलेक्टर को प्रदान किया गया था। किंतु कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग जबलपुर द्वारा पत्र के माध्यम से जिला शहरी विकास अभिकरण में जिला परियोजना अधिकारी कटनी का प्रभार जिला मुख्यालय मे स्थित नगर पालिका निगम के आयुक्त श्री नीलेश दुबे को दिये जाने के निर्देश दिये गये है। जिसके अनुपालन में कलेक्टर श्री यादव द्वारा नगर पालिका निगम नीलेश दुबे को जिला शहरी विकास अभिकरण में जिला परियोजना अधिकारी कटनी का प्रभार अपने कार्य के साथ-साथ आगामी आदेश पर्यन्त तक के लिए सौंपा गया है।

### सिलोड़ी महाविद्यालय में मनाया गया विज्ञान दिवस



**सिलौड़ी।** शासकीय महाविद्यालय सिलोड़ी में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शीर्षक विज्ञान वरदान या अभिशाप था जिसमें प्रथम स्थान दिव्यांशी विपक्ष में द्वितीय स्थान प्रदीप चौधरी पक्ष में एवं तृतीय स्थान राखी मेहरा ने विपक्ष में भाषण दिया। इस दौरान बॉटनी के प्रोफेसर तथा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ अंकुर ओमर, केमिस्ट्री के प्रोफेसर डॉ लक्ष्मी प्रसाद बागरी तथा प्राचार्य डॉ रविता सिंह ने भी अपने विचार रखे।

### धान चोरी मामले में कार्यवाही, 5 पर दर्ज हुई एफआइआर



**कटनी।** मझगवा ओपन कैप से 49 क्विंटल धान चोरी के मामले में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा बरती गई सख्ती और कड़ी कार्रवाई करने के दिए गये निर्देश के बाद शुक्रवार की शाम को पुलिस थाना बडवारा में 5 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई। धान चोरी के मामले में जाच के बाद कलेक्टर श्री यादव ने सख्त रुख अपनाते हुए कारवाई के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री यादव के निर्देश के बाद शाखा प्रबंधक सत्येन्द्र प्रजापति ने बडवारा पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। मझगवा निवासी सभी 5 आरोपियों क्रमशः ब्रजमोहन शर्मा, आशीष शर्मा, रक्कू उर्फ राकेश शर्मा एवं अमर सिंह गोंड और दुर्गेश चौधरी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2003 की धारा 303 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। चोरी गई धान क़रीब एक लाख 16 हजार रुपए के अनुमानित मूल्य की बताई जा रही है।

## एक दिन में दो ट्रेक्टर एवं बाइक की थी चोरी, माधवनगर पुलिस ने पकड़ा

# चार शातिर चोर गिरफ्तार, दो ट्रेक्टर ट्राली सहित दो मोटर साइकिलें की गई बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधवनगर पुलिस ने चार शातिर चोरो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए चोरो के पास से पुलिस ने दो ट्रेक्टर सहित एक मोटर साइकिल भी बरामद की है। चोरो ने उक्त सभी वाहन एक ही दिन चोरी किये थे। पकड़े गए चोर आरोपी टीजीएस होटल, राय कालोनी, रंगनाथनगर सहित अन्य जगहों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। यह कार्यवाही एसपी अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया एवं सीएसपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उनि रूपेन्द्र राजपूत व चौकी प्रभारी झिंझरी प्रियंका राजपूत के नेतृत्व में की गई।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी रंजन पटेल निवासी एनकेजे बजरिया ने रिपोर्ट लिखाई कि 26/02/25 को टीजीएस होटल के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति उनका ट्रेक्टर MP 21 AA 5043 ट्राली सहित चोरी कर ले गये है। अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी तरह पवन निषाद निवासी पुरेनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26/02/25 को राय कालोनी दुगाडी नाला के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति उनका ट्रेक्टर UP 9151298 जिसमें वृक्षारोपण की मशीन लगी हुई है को, चोरी कर ले गये है। जिस पर थाना माधवनगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। वहीं अजय तिवारी निवासी पडवार थाना मझौली ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 26/02/25 को रंगनाथनगर के पास से कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी मोटरसाईकिल क MP 21 ME 5939 को चोरी कर ले गये है। अज्ञात चोरो के विरूद्ध मामला पजीबद्ध किया गया। एक अन्य मामले में एक पल्सर मोटरसाईकिल क्र MP 35 MH 0288 भी चोरी होने की शिकायत दर्ज की गई थी।

माधवनगर पुलिस द्वारा अज्ञात चोरो की तलाश के लिए पुलिस टीम बनाकर मुखबिर तंत्र को लगाया गया। वरिष्ट अधिकारीगण के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम व्दारा घटना स्थल के आसपास एवं शहर के सीसीटीव्ही फुटेज चेक किये गये व भौतिक साक्ष्य एवं मुखबिर तंत्रों व तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से संदेहियों से पूछताछ की गई। आरोपी मनीष लोधी, नन्नू यादव, मनीष पटेल अमित लोधी व्दारा चोरी की घटना को स्वीकार किया गया जिनसे पुलिस ने चोरी का मशरूका बरामद किया है।

गिरफ्तार किये गये चोरो ने साथ मिलकर पैसा इक्ट्ठा करके बाहर घूमने जाने के लिए चोरी करने की योजना बनाई और एक पल्सर मोटर सायकल में बैठकर सीधे ट्रेक्टर चोरी करने के लिए निकल पड़े और एक ही रात में माधवनगर के दो स्थानों से टेक्टर की चोरी कर ली और वही थाना रंगनाथ नगर से एक मोटर सायकल भी चोरी कर लिये और जब चोरी का माल बेचने की कोशिश कर ही रहे थे तब तक पुलिस के हत्थे चढ़ गये। गिरफ्तार आरोपी में मनीष लोधी पिता नरेश लोधी 20 वर्ष निवासी रेपुरा थाना रेपुरा जिला पन्ना ,नन्नू यादव पिता उमा यादव 19 वर्ष निवासी खुसरा थाना रैपुरा, मनीष पटेल पिता रामलाल पटेल 19 वर्ष निवासी मूणपारा थाना रैपुरा,अमित लोधी पिता आनंद लोधी उम्र 20 वर्ष निवासी रैपुरा शामिल है।

कार्यवाही में उनि प्रियंका राजपूत, उनि रूपेन्द्र सिंह राजपूत सिंह, सहाउनि शशिभूषण बागरी, सउनि बहाब खान, प्रआर० राजेश चौधरी, आर सुरेश कोरी, प्र आर आकेश तिवारी, आर अजय सिंह, प्र आर पंकज त्रिपाठी,प्र आर नीलेश दुबे, प्र आर प्रशांत विश्वकर्मा, आर अजय साकेत, आर पुष्पेन्द्र, आर देवराज, आर जज कुमार, आर विनोद विश्वकर्मा आर राघवेन्द्र, शुभम गौतम, सैनिक अक्षय पाण्डे की भूमिका रही है।

# जिले में 17 मार्च से शुरू होगी समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव नें निर्देशित किया है कि रबी विपणन वर्ष 2025-26 के गेंहूं उपार्जन की अवधि के दौरान उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए सभी पर्याप्त सुविधाएं होनी चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही मिलने पर उपार्जन कार्य से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री यादव ने यह निर्देश शुक्रवार को समर्थन मूल्य पर गेंहू सहित अन्य फसलों के उपार्जन हेतु राज्य शासन की उपार्जन नीति में समाहित निर्देशों के पालन की समीक्षा बैठक के दौरान दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्य से संबद्ध अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले में 17 मार्च से 5 मई तक गेहूं खरीदी का कार्य उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किया जाना है। इसकी समुचित तैयारी सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 31 मार्च तक समर्थन मूल्य पर गेहूं की ब्रिकी करने वाले किसानों का पंजीयन कार्य भी सतत रूप से जारी रखा जाये। समूची प्रक्रिया में यह विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए कि अन्नदाता किसानों को किसी भी हाल में किसी भी प्रकार की असुविधा या परेशानी न हो।

### गेहूं खरीदी केन्द्रों में किसानों के लिए सभी सुविधाएं करें सुनिश्चित

कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन कार्य शुरू होने के पहले ही उपार्जन केन्द्रों पर आने वाले किसानों के लिए छाया की सुविधा के लिए शेड लगवाए जाए तथा पीने के पानी, प्रतीक्षा कक्ष, तौल कांटा, किसानों के बैठने के लिए दरियां, टेबिल कुर्सी तथा शौचालय आदि का भी प्रबंध पूर्ण कर लें। इसके अलावा समिति स्तर पर बिजली की सुविधा इंटरनेट कनेक्शन, इलेक्ट्रॉनिक उपर्जन उपकरण तथा किसानों को जानकारी देने के लिए सूचना पटल की व्यवस्था की जाए ताकि किसानों को सहजता से उपार्जन संबंधी जानकारी प्रदर्शित की जा सके। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी की न्यूनतम समर्थन मूल्य के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता लाएं ताकि गेहूं खरीदी केन्द्रों तक अधिकतम पंजीकृत किसान अपनी फसल लेकर पहुंच सके।

उल्लेखनीय है कि रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए जिले में 85 खरीदी के केंद्र बनाए गए थे। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये घोषित किया है।

### बढ़ते हादसों के बाद भी नहीं कसी जा रही चालकों की नकेल

# ज्यादा कमाई के लालच में ओवरलोड सवारियां भरकर हादसे को आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के ग्रामीण अंचलों में आटो ओवरलोड सवारियां भर कर फर्राटे के साथ चल रहे हैं। अपने लाभ के लिये वाहन चालक यात्रियों के जान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। कई चालकों द्वारा तो रजिस्ट्रेशन व परमिट के बगैर ही ओवरलोड सवारियां भरकर वाहन दौड़ा रहे हैं। कई बार तो नाबालिगों को भी आटो रिक्शा चलाते देखा जा सकता है। अक्सर हादसों के बाद ही जिम्मेदारों का आंखें खुलती है।

ग्रामीण क्षेत्र में साधनों की कमी के चलते लोग मजबूरी में ऑटो, लोडर में सफर जान जोखिम में डालकर कर रहे हैं। हैरानी की बात तो यह है शहर से लेकर गांव तक बेपरवाही का आलम जारी है, लेकिन पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। यदा-कदा चालानी कार्रवाई का कोरम तो पूरा कर लिया जा रहा है, लेकिन हादसों पर लगाम लगाने कोई पहल नहीं हो रही। सड़क हादसों को रोकने के लिए बैठकों में मंथन की औपचारिकता तक सीमित रहता है।

जिले में ओवरलोड आटो व लोडर वाहन कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं जिनमें लोगों की जान तक चली गई है बावजूद इसके ओवरलोड वाहन सरपट दौड़ रहे हैं जिसके चलते हादसे हो रहे हैं और सड़कें खूनी बनती जा रही हैं।

### मौके का भी उठाते है लाभ

शहर के आसपास व ग्रामीण क्षेत्र में सवारी व लोडर वाहन चालक मनमानी कर रहे हैं। कई बार तो वाहन चालक नशे की हालत में फर्राटा भरते हैं। साधनविहीन मार्गों में आटो व लोडर वाहन चालक मौके पर फायदा उठाकर ओवरलोड सवारियां बैठाते हैं। इस दौरान सवारियों को जहां दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं हर समय दुर्घटना होने का भी डर बना हुआ है। इसके लिए जिम्मेदार कार्यवाई करने की बजाय मौन साधे हुए हैं।

## 12वीं की परीक्षा में नकल के 6 प्रकरण दर्ज




माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक किया जा रहा है। मंगलवार को हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा जिले के 82 परीक्षा केंद्रों में आयोजित हुई। जिसमें से 9835 दर्ज छात्रों में से 9727 विद्यार्थियों ने परीक्षा में उपस्थित होकर अंग्रेजी विषय की परीक्षा दी। जबकि 108 विद्यार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कानून व्यवस्था एवं परीक्षा की पवित्रता बनाये रखने एवं विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर गठित दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। वहीं हायर सेकंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के पिपरौंध, पहाड़ी,धरवारा एवं झिन्ना पिपरिया केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण सहायक संचालक राजेश अग्रहरि, एडीपीसी अभय जैन, प्राचार्य आलोक पाठक के दल ने किया। जबकि कलेक्टर प्रतिनिधियों द्वारा 80 परीक्षा केन्द्रों में मौजूद रहकर परीक्षा को शांतिपूर्ण और निर्विघ्न संपन्न कराने के प्रयास किए गए। शुक्रवार को संपन्न कक्षा 12 की परीक्षा मे नकल के 6 व्यक्तिगत प्रकरण दर्ज किये गए।

# पर्यावरण एवं स्वच्छता की राहत में सिंगल यूज प्लास्टिक बड़ा रोड़ा, प्रतिबंध के बाद भी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बाद भी शहर में इसी बिक्री एवं उपयोग हो रहा है। सिंगल यूज प्लास्टिक से बने 19 आइटम्स को पर्यावरण संरक्षण एक्ट के तहत प्रतिबंधित किया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। नगर निगम प्रशासन द्वारा बीच-बीच एकाधिक दुकानदारों पर कार्यवाही कर अभियान के नाम पर महज खानापूर्ति ही किया जा रहा है।

गौरतलब है कि हर मौके पर उपयोग के लिये सुगम लेकिन फेंकने के बाद खतरनाक अमानक पालीथिन के उपयोग पर पूरी तरह से पाबंदी है। एक बार फिर बाजार में सेहत के लिये खतरा बनी पालीथिन का उपयोग बेरोकटोक हो गया है। ग्लोबल वार्मिंग के खतरे से बचाव, पर्यावरण संरक्षण और ग्रीन सिटी क्लीन सिटी के उद्देश्य को शहर-शहर तक पहुंचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध का आदेश जारी कर दिया गया है। अधिकारियों के गैर जिम्मेदाराना प्रयास के कारण शहर सहित ग्रामीण अंचलों में बेरोकटोक अमानक पालीथिन का उपयोग किया जा रहा है। इसके हानिकारक प्रभाव और दूरगामी दुष्प्रभाव से बेपरवाह लोग जागरूकता के अभाव में इस पर ध्यान नहीं दे रहे, इसलिए बाजारों में अभी सिंगल यूज़ प्लास्टिक प्रतिबंध के बावजूद उपयोग में लाया जा रहा है, जो भविष्य में पर्यावरण संरक्षण और ग्लोबल वार्मिंग तथा स्वच्छता जैसी समस्याओं को जड़ से मिटाने के प्रयास में सबसे बड़ी बाधा सिद्ध हो सकता है। धरती को क्लीन और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लोगों को यह छोटा सा निजी जिम्मेवारी निभाना आवश्यक है। सरकार द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध के बावजूद इसका उपयोग करने पर व्यक्ति दंड का भागी बन सकता है।

### कभी कभार ही होती है रस्म अदाएगी की कार्यवाही

# ग्रामीण अंचलों में देशी और कच्ची शराब का हो रहा अवैध कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और बेजा मुनाफा के चलते इस कारोबार से जुड़े माफियाओं को कानून का भय भी नहीं है। शराब के अवैध कारोबार में सख्त कानून और ज्यादा सजा का प्रावधान न होने से इसका कारोबार सुदूरवर्ती ग्रामों में भी किया जा रहा है। जिन ग्रामों में प्रशासनिक सहूलियतें भी मुश्किल से पहुंच पाती है वहां भी अवैध शराब सहज रूप से मिल जाती है।

ग्रामीणा अंचलों में नशा कारोबारियों ने मोहल्ले-मोहल्ले अपनी दुकाने खोल रखी हैं। नशे के इस कारोबार को लठैतों के दम पर संचालित किया जा रहा है। किसी गांव-मोहल्ले में यदि लोगों द्वारा इसका विरोध किया जाता है तो इन्हीं लठैतों द्वारा अभद्र व्यवहार के साथ मारपीट तक करने में उतारू रहते हैं। पुलिस और आबकारी विभाग के सुस्त रवैया से इनके हौसले भी बुलंद हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में आसानी से नशे का सामान मिलने के कारण युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। देशी व विदेशी शराब गली-कूचो में बिक रही है। युवाओं और बड़ों को नशा करते देख स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र भी इसका शिकार होते जा रहे हैं।

किशोरवय उम्र में नशे का सेवन शुरू कर देने से शारीरिक विकृतियों के साथ मानसिक दोष भी बढ़ रहे हैं। सबसे बुरा हाल मध्यम व मजदूर वर्ग के लोगों का है। इनकी आधी कमाई नशा माफियाओ की जेब में जा रही है और इनका परिवार तंगहाली और भुखमरी के लिए मजबूर है।

शराब माफियाओं की नकेल न कसने और शिकायतों पर कार्यवाही न होने से इस बात का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि नशे का यह गोरखधंधा मिलीभगत से ही किया जा रहा है।

घरों, दुकानों से भी शराब की बिक्री की जा रही है। अधिक मुनाफा के लिए नशे के कारोबार में महिलाए भी आ चुकी हैं। ऐसा भी नहीं है कि पुलिस द्वारा कभी कोई कार्यवाही ही नहीं की जाती, औपचारिकताएं निभाने के लिए छुटभैयों को पकड़ लिया जाता है लेकिन माफिया के गिरेबां तक हाथ जाए ऐसी कार्यवाही कम ही होती है। जिम्मेदारों की अनदेखी का खामियाजा आम लोगों को भी भोगना पड़ता है।

## समृद्धि योजना अंतर्गत स्वैच्छिक संगठनों की प्रशिक्षण कार्यशाला

# जीवन में समाज के लिए कार्य करना हमारा नैतिक दायित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मप्र जन अभियान परिषद जिला कटनी द्वारा समृद्धि योजना अंतर्गत शैक्षिक संगठनों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यालय का शुभारंभ मां सरस्वती का पूजन अर्चन करते हुए दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में जिला समन्वयक डॉक्टर तेज सिंह केशवाल द्वारा मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद का परिचय प्रस्तुत करते हुए समस्त संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी विस्तार से दी गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि की आसंदी से विचार व्यक्त करते हुए जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने कहा कि व्यक्तिगत जीवन के साथ-साथ सार्वजनिक जीवन में समाज के लिए कार्य करना हमारा नैतिक दायित्व है जिसका पालन कर रही समस्त संस्थाएं बधाई की पात्र हैं। इसी प्रकार जन अभियान परिषद के साथ जुड़कर अपने.अपने कार्य क्षेत्र में उत्साह पूर्वक कार्य करते हुए आगे बढ़ते रहें।

### विस्तार से दिया गया प्रशिक्षण

कार्यशाला के द्वितीय चरण के दौरान विवेकानंद सोसाइटी फार अपलिफ्टमेंट के सचिव मोहन दास नागवानी के द्वारा स्वैच्छिक संगठनों की संरचना एवं प्रबंधन पर मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह ने स्वैच्छिक संगठनों का महत्वपूर्ण अधिनियम में पंजीयन, सामाजिक कार्यकर्ता अधिवक्ता भगवान दास राठौर ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना, एवं जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के प्रबंधक राजेश कुमार पटेल ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व सी एस आर पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया।

कार्यशाला के अंतिम चरण में जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के महाप्रबंधक दिनेश मर्सकोले ने उपस्थित प्रतिनिधियों को उद्योग विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी देते हुए उनके क्रियान्वयन में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों के माध्यम से स्वैच्छिक संगठनों के उपस्थित प्रतिनिधियों को सहभागिता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जन अभियान परिषद कटनी के विकासखंड समन्वयक बालमुकुंद मिश्र के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए उपस्थित अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

प्रशिक्षण कार्यशाला में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक प्रफुल्ल कुमार सोनी, विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह, बबीता शाह, आरती गुप्ता, नंदिनी भाटिया, लेखपाल रमाकांत श्रीवास्तव, पुष्पलता केशकर, परामर्शदाता अमित तिवारी, नीरज पटेल, मथुरा दाहिया सहित सभी विकास खंडों और शहर की स्वैच्छिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।



# पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कोतवाली थाने के बाहर पुलिस ने वाहन चैकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने दोपहिया वाहनों के दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान चालकों के पुलिस ने बगैर हेलमेट, बिना लायसेंस, तीन सवारी बैठाने वालों पर चालान काटकर जुर्माना वसूल किया है। जांच के दौरान जिन वाहन चालकों के पास वाहन चलाने से संबंधित दस्तावेज नहीं थे, उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। कोतवाली थाने के बाहर पुलिस की वाहनों की जांच कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मच गया। कार्रवाई से बचने के लिए कुछ वाहन चालक अपना रास्ता बदलकर भी जाते हुए नजर आए। पुलिस ने बताया कि थाने के बाहर वाहनों की जांच की जा रही है। चालकों को यातायात नियमों के अनुसार वाहन चलाने कि हिदायत दी जा रही है। वाहनों के दस्तावेज नहीं होने पर चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया जा रहा है। नियमों का पालन करने समझाइश भी दी गई।

खबर संक्षेप

## मिथ्याछाप सामग्री विक्रय करने 30 हजार का अर्थदण्ड

**दमोह।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत मिथ्या छाप सामग्री विक्रय करने पर दोष सिद्ध होने के आरोप में अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी मीना मसराम ने जिले के 01 अनावेदक पर 30 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी रावत (बुधौलिया) द्वारा प्रस्तुत परिवाद पर के.एन.कॉलेज के पास सिविल वार्ड नं.-04 दमोह निवासी राहुल शर्मा पिता राजेन्द्र कुमार शर्मा (शर्मा डेयरी एंड किराना स्टोर) द्वारा अवमानक भैंस का दूध एवं दही के विक्रय करने के आरोप में दोष सिद्ध होने पर 30 हजार रूपये के अर्थदण्ड की शास्ति अधिरोपित की है। उन्होंने संबंधितों को निर्देशित किया है कि अधिरोपित शास्ति की राशि स्टेट बैंक आफ इंडिया मुख्य शाखा दमोह में चालान द्वारा शीर्ष 0210-चिकित्सा एवं लोक स्वास्थ्य 04 लोक स्वास्थ्य 104 शुल्क एवं दण्ड आदि 0754 खाद्य एवं औषधि नियंत्रण में जमा कराकर चालान की एक प्रति न्यायालय अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के कार्यालय में प्रस्तुत की जाये । अधिरोपित शास्ति की राशि 15 दिवस में जमा की जाये। नियत समयावधि में राशि जमा नहीं किये जाने पर अधिनियम की धारा 96 के तहत भू-राजस्व की बकाया की भांति वसूल की जायेगी।

## नशेड़ी युवक ने बुजुर्ग माता-पिता और भाई-बहन को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा

**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैरहा में एक सिरफिरे नशेड़ी युवक के द्वारा अपने बुजुर्ग माता-पिता और भाई-बहन को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटने का मामला सामने आया है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पप्पू अहिरवार पिता राम आसरे अहिरवार बीते 26 फरवरी 2025 को नशे की हालत में घर पहुंचा और अपनी छोटी बहन के साथ मारपीट करने लगा युवक के पिता राम आसरे अहिरवार पिता कल्लू अहिरवार उम्र लगभग 75 वर्ष के द्वारा अपने पुत्र को बहन के साथ मारपीट करने से रोकने का प्रयास किया गया जिससे नाराज होकर पप्पू ने अपने बुजुर्ग पिता पर लाठी से हमला कर दिया जिससे वह घायल होकर जमीन में गिर गया तभी युवक की मां प्रेमा बाई अहिरवार अपने पति को बचाने दौड़ी युवक ने उसके साथ भी लाठी-डंडों से मारपीट की और बड़े भाई के साथ भी मारपीट की, शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो युवक भाग खड़ा हुआ, परिवार के लोगों ने घायल बुजुर्ग दंपति को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां हालत गंभीर होने की वजह से प्राथमिक उपचार उपरांत बुजुर्ग दंपति को जिला चिकित्सालय पन्ना रेफर कर दिया गया है जहां इलाज चल रहा है।

### परीक्षा रूम में रखी टेबिल हिलने के कारण परीक्षार्थियों को पेपर देने में हुई परेशानी

# परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को तख्ती ले जाने पर केंद्राध्यक्ष ने लगाई रोक

### अभिभावक एवं परीक्षार्थियों ने नाराजगी जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

कक्षा 12 वीं के परीक्षार्थियो को परीक्षा केंद्र में तख्ती ले जाने पर रोक लगा दी गई हैं जिस कारण छात्रो के अभिभावाको ने अपनी नाराजगी जताई है। साथ ही परीक्षा केंद्र में अनेक टेविले खराब होने के कारण साथ ही टेविले हिलने के कारण परीक्षार्थियो को भी परेशानियां हो रही हैं। जिस कारण परीक्षार्थियो का भी समय खराब होने के कारण नाराजगी व्यक्त की है। ज्ञात हो कि शुक्रवार को 12 कक्षा का अंग्रेजी का पेपर था। जब परीक्षार्थी पेपर देने तख्ती लेकर पहुंचे तो सीएम राईज के परीक्षा केंद्र प्रभारी सुनील चौरसिया ने सभी परीक्षार्थियो को तख्ती लेकर अंदर जाने से मना कर दिया गया। सभी छात्र-छात्राए बिना तख्ती के पेपर देने अंदर गए लेकिन परीक्षा केंद्र के कमरों में कुछ टेबिलें खराब होने के कारण टेबिल हिल रही थी। जिस कारण परीक्षार्थियो को पेपर देने में परेशानी हो रही थी। जिसकी शिकायत परीक्षार्थियों ने परीक्षा केंद्र प्रभारी से की गई जिसके बाद टेबिल सुधारने का प्रयास किया गया जिस कारण परीक्षार्थियो का पेपर देने का लगभग 15 मिनिट समय बर्बाद हो गया।

संगीता पटेल ने बताया मेरी बेटी का परीक्षा सेंटर सीएम राइज स्कूल में है और परीक्षा देने के लिए गुलाबी रंग की तख्ती लेकर गई थी जिस पर कुछ भी नहीं लिखा था। लेकिन परीक्षा केंद्र के अंदर तख्ती ले जाने पर रोक लगाई थी। लेकिन जब परीक्षा रूम में पेपर दे रही थी तभी उसकी टेबिल कमजोर थी इसलिए हिल रही थी जिसकी शिकायत शिक्षकों से की गई इस दौरान मेरी बेटी के दस से पंद्रह मिनट खराब हुए इसका जिम्मेदार कौन है। इसी तरह विनीता परिहार ने बताया मेरी बेटी से भी नीले रंग की तख्ती बाहर रखवा ली गई थी जबकि वह पूरी तरह नई थी उसमें कोई लेख भी नहीं था। परीक्षा केंद्र प्रभारी सुनील चौरसिया ने कहा कि जब बच्चो को टेबिल कुर्सी दी गई है। तो तख्ती ले जाने का कोई औचित्य नहीं है। पहले बच्चे तख्ती पर कुछ न कुछ लिखकर ले जाते थे। जिसके बाद तख्ती पर रोक लगा दी गई है। परीक्षा रूम में पेन और प्रवेश पत्र ही ले जा सकते है। सभी टेबिल सामान्य प्रकार की रखी गई है। स्कूल में सभी प्रकार का फर्नीचर उपलब्ध है। कोई बच्चा जैसे भी टेबिल कुर्सी चाहता है वैसे टेबिल कुर्सी रखवाई जाएगीं।

### परीक्षा केंद्रों का नायब तहसीलदार ने किया अवलोकन



रनेह । शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र रनेह में माध्यमिक शिक्षा मंडल के माध्यम से आयोजित 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं निर्देशानुसार शांतिमय आयोजित हो रही है। कक्षा दसवीं के हिंदी के पेपर में कुल 358 छात्र छात्राएं दर्ज हैं जिसमें 13 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे, 345 छात्र-छात्राओं ने पेपर हल किया। कक्षा 12वीं के अंग्रेजी के 137 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी अनुपस्थित निल रहे। जिला कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी राकेश मरकाम के मार्गदर्शन पर मानसी अग्रवाल नायब तहसीलदार ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र रनेह पहुंचकर वार्षिक परीक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र पर किए गए प्रबंधन के संबंध में जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। औचक निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्र में विद्यार्थियों के लिए पानी, बिजली, बैठक व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान परीक्षा केंद्र अध्यक्ष राजेश कुमार सेलट, सहायक केंद्र अध्यक्ष दीपक कुमार तंतुवाय, शिक्षक सुशील तिवारी, हल्का पटवारी हरिशंकर सोनी सहित संबंधित उपस्थित थे।

## सशक्त महिला और सशक्त भारत विषय पर गोष्ठी संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

अहिल्याबाई का पूरा जीवन एक प्रेरणादायी जीवन है, उन्होने एक रानी होते हुये भी राजकोष के धन का उपयोग अपने निजी जीवन के लिये नहीं किया, सिर्फ राष्ट्र और समाज के लिये किया। यह बात भारतीय स्त्री शक्ति मध्यप्रदेश की उपाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा तिवारी ने कही। डॉ. तिवारी स्थानीय शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में उपस्थित छात्राओं को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा अहिल्याबाई ने सती प्रथा की परिभाषा को बदला, अपना सब कुछ त्याग कर समाज और राष्ट्र के लिये जीवन को समर्पित किया। उनका जीवन एक प्रेरणादायी जीवन है, जिसका अनुसरण हम सबको करना चाहिये। डॉ. तिवारी ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उपस्थित छात्राओं को चिंतन मनन करने संदेश दिया। इस अवसर पर डा.मोनिका पालीवाल ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाओं का अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना अति आवश्यक है, उन्होने स्वाध्याय से जुडने का भी आग्रह किया। इस अवसर पर छात्राओं के स्वास्थ्य का परीक्षण एवं बीमारियों से बचाव के लिये भी परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में छात्राओं की उपस्थिति रही। ज्ञात हो कि भारतीय स्त्री शक्ति बीएसएस के बेनर तले उक्त आयोजन किया जो पूरे देश में किये जा रहे है। जिसका प्रमुख उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक स्वालंबन,आत्म सम्मान एवं सामाजिक समरसता पर आधारित है। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणापाणी की प्रतिमा पर पुष्पहार अर्पित कर एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा तिवारी, श्रीमती शैलबाला बैरागी विभागध्यक्ष फैशन स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, डा.ममता सिंह विभागाध्यक्ष हिन्दी स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, डा.हंसा वैष्णव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डा.मोनिका पालिवाल, डा.सोनल राय मंचासीन थे। मंचासीन अतिथियों का स्वागत मानवंदना कमला नेहरू महाविद्यालय की प्रो.डा.नायक ने किया।

## विज्ञान और नवाचार पर कार्यक्रम आयोजित



**बनवार।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनवार में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विज्ञान और नवाचार के महत्व पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में छात्रों ने भाषण और प्रश्नमंच प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमें उन्होंने विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाने की थीम पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने विज्ञान संवाद के माध्यम से छात्रों को महत्वपूर्ण भारतीय वैज्ञानिक खोजों के बारे में बताया, जिनमें डॉ सी वी रमन के परिचय, रमन प्रभाव के उपयोग और सारांश शामिल थे। इसके अलावा, विश्व के कल्याण के लिए भारतीय ज्ञान और विज्ञान की भूमिका पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में प्रतिभा त्रिपाठी, प्रतिभा खटीक, या समीन बेगम और प्रेमशंकर ठाकुर जैसे विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। अंत में, उपस्थित प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए और कार्यक्रम समन्वयक दयाराम पटैल जी द्वारा अतिथियों को पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया।

## कथा में श्री कृष्ण-रुक्मणी विवाह की आकर्षक प्रस्तुति



**बनवार।** खमरिया संकट मोचन मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दौरान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह की आकर्षक प्रस्तुति की गई। भगवान श्री कृष्ण की धूमधाम से बारात निकाली गई, जिसमें श्रद्धालु बाराती बनकर झूमते नाचते हुए भगवान श्री कृष्ण की महिमा पर आधारित भजनों की मीठी तान पर थिरकते हुए बैंड बाजों की मधुर धुन के साथ चल रहे थे। कथावाचक पंडित ऋषिकांत गर्ग जी महाराज ने पंच अध्याय का वर्णन किया और भगवान कृष्ण के मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका की स्थापना, रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया। उन्होंने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति आवश्यक है और भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी हैं।

## खकरिया बीट में बढ़ रहा गिद्धों का कुनबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



अब जंगली क्षेत्रों में कुछ जगह गिद्ध के झुंड लगातार नजर आ रहे हैं। जिसे वन्य जीव विशेषज्ञ विलुप्त प्रजाति के लिए सुखद मान रहे हैं। गिद्ध गणना में भी तेंदूखेड़ा उप वन मंडल के चारों वन परिक्षेत्र में सबसे ज्यादा गिद्धों को तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र के जंगलों में पाया गया है। इनकी संख्या भी बढ़ी है तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र की खकरिया बीट के जंगल में फिर बड़ी संख्या में गिद्धों का झुंड दिखाई दिया है, जो एक मृत मवेशी को खा रहे थे। खकरिया बीट में गुरुवार की शाम 4 बजे खकरिया जाने वाले मार्ग किनारे बड़ी संख्या में गिद्धों का झुंड नजर आया है, जो मौसम का आनंद ले रहे थे। जिसमें कई प्रजाति के प्रवासी गिद्ध नजर आए है बता दें कि क्षेत्र में कुछ वर्ष पहले तक गिद्ध नजर आने बंद हो गए थे। अब लंबे समय के बाद धीरे-धीरे यह नजर आने लगे हैं। खकरिया बीट में जो गिद्ध देखे गए हैं, उनमें अधिकतर नई उम्र के लग रहे थे। ये इनकी प्रजाति के लिए अच्छी खबर है कि इनकी प्रजातियों को तेंदूखेड़ा के जंगल का वातावरण रास आ रहा है और यहां वे अपनी प्रजाति बढ़ा रहे हैं। खकरिया निवासी नीरज यादव ने बताया कि खकरिया बीट में हर दिन बड़ी संख्या में गिद्धों को देखा जाता है, जो मृत मवेशियों को खाते हुए नजर आते हैं। यहां पर 12 माह बड़ी संख्या में गिद्धों को देखा जाता है और इनका कुनबा भी लगातार बढ़ रहा है। उधर तेंदूखेड़ा उप वनमंडल के तेंदूखेड़ा, झलौन, तारादेही एवं तेजगढ़ रेंज में भी इन दिनों गिद्धों की संख्या बढ़ रही है और ये आए दिन जंगलों में पेड़ों और खेतों सहित मृत मवेशियों के शव को खाते हुए दिखाई दे रहे हैं। तेंदूखेड़ा वन परिक्षेत्र अधिकारी मेघा पटेल ने कहा कि गिद्ध पर्यावरण के सफाई कर्मी एवं मानव जीवन में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने गिद्धों के प्राकृतिक आवासों के संरक्षण एवं संवर्धन और उन्हें बचाने में सहयोग करने की आमजन से अपील की है।

## रोजगार मेले में 29 युवाओं को मिला नौकरी का मौका



तेंदूखेड़ा। आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान के तहत शुक्रवार को जनपद पंचायत में स्थित ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय तेन्दूखेड़ा में रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें कई कंपनियों ने भागीदारी की रोजगार की तलाश में दूरदराज से आए युवा रोजगार मेले में शामिल हुए। इस रोजगार मेले में 79 युवाओं ने पंजीयन कराया था जिसमें 29 युवाओं का विभिन्न कंपनियों में चयन हुआ है। विकासखंड प्रबंधक ग्रामीण आजीविका मिशन के सुमित तिवारी ने बताया कि रोजगार मेले में बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिला है। जहां काम करना चाहिए निजी कंपनियों द्वारा भी सरकारी नौकरी की तरह सुविधा दी जाती है। इस दौरान रोजगार मेले में आए कंपनियों के अधिकारी कर्मचारी एवं आजीविका मिशन के अधिकारी कर्मचारी मेले में मौजूद थे।

## बरोदा और खोजाखेड़ी के बीच खेला गया फाइनल मुकाबला



**दमोह।** टेनिस वाल क्रिकेट टूर्नामेंट विधानसभा स्तरीय मंत्री कप 2025 के समापन के अवसर पर जनपद की 40 एवं 4 नगर और बटियागढ़ की टीमों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रगान के साथ फाइनल मुकाबला प्रारंभ हुआ। फाइनल मुकाबला बरोदा और खोजाखेड़ी के बीच खेला गया, जिसमें खोजाखेड़ी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन का बड़ा लक्ष्य खड़ा किया, जिसका पीछा करते हुए बडौदा जनपद टीम महज 73 रनों सिमट गई। 130 रन से खोजाखेड़ी जनपद की टीम ने बड़ी विजय हासिल की इसके मेन ऑफ द मैच योगेश पटेल रहे। जिन्हेंने 93 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। इस अवसर मुख्य रूप से प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, मध्यप्रदेश राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व विधायक सोना बाई अहिरवार, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्री अशोक पटेल, पूर्व मंडी अध्यक्ष खरगराम पटेल, कार्यक्रम के सूत्रधार लोकेंद्र पटेल जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, जनपद अध्यक्ष खिलान अहिरवार, आयोजक लखन भैया मित्र मंडल, राजेंद्र गुरु, सागर के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव सिरोठिया सभी मंडल अध्यक्ष, सभी जनपद सदस्य एवं लखन भैया मित्र मंडल के सहयोगी ओर बड़ी संख्या में जनता जनार्दन की उपस्थिति रही।

## हटा विधायक ने बनगांव में नव निर्मित स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के पटेरा विकासखंड के ग्राम बनगॉव में नव निर्मित 10 बिस्तरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का हटा विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक ने लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को सौगात दी। विधायक श्रीमती खटीक ने फीता काटकर भगवान धनवंतरी की पूजा अर्चना कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, पंचायतों के सरपंचगण, जनप्रतिनिधि सहित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन, सी.बी.एम.ओ. पटेरा डॉ अशोक बरौनिया तथा ग्रामीणजन मौजूद थे। विधायक उमादेवी खटीक ने कहा कि बनगांव पंचायत में नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बन जाने से 50 गांव के आमजनों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्राप्त हो सकेगा। मरीजों को स्वास्थ्य देखभाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। मरीजों को स्वास्थ्य केन्द्र पहुॅचने में सुविधा हो इसके लिए सड़क के डामलीकरण का कार्य भी कराया जायेगा। बारिश में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर भवन के आसपास का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में भगवान धनवंतरी की मूर्ति भी स्थापित की जायेगी। जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल ने कहा कि जीवन का सुख निरोगी काया है। स्वास्थ्य को बेहतर बनाने सरकार प्रयास कर रही है। नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मानव संसाधन की पूर्ति की जायेगी। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा हटा विधानसभा के बनगांव में 306. 80 लाख की लागत से भवन का निर्माण किया गया है। इस नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में 10 बिस्तरों की व्यवस्था है। जिसमें प्रसव कक्ष, लैब कक्ष, महिला एवं पुरूष वार्ड सहित दो आवासीय भवन क्रमशः जी टाईप और एच टाईप बनाये गये है।

## श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय में हुआ रुद्राभिषेक



दमोह। बड़े ही आनंद के साथ शिवजी का विवाह उत्सव पूरे उत्साह के साथ सभी कॉलोनी वासियों ने श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव शिवालय विवेकानंद कॉलोनी सिविल वार्ड 06 में मनाया। महाशिवरात्रि पर्व के पूर्व से ही विविध कार्यकम में शिवजी पार्वती जी के हल्दी मेंहदी कार्यक्रम महिलाओं ने बड़े ही उत्साह बैंड बाजे पर नाज गाकर पूरा किया उसके उपरांत महाशिवरात्रि पर्व पर सुबह 9 बजे से पंडित संजय शास्त्री जी के सानिध्य में पंडित राघव तिवारी ने शिवजी का रुद्राभिषेक पूजन कराकर हवन पूजन संपन्न कराया। उसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस बार सभी बच्चों की बोर्ड परीक्षा को ध्यान रखते हुए सभी आयोजन मंदिर परिसर में सामान्य तौर पर बिना डीजे शोर गुल के बड़े ही सादगी से सम्पन्न किये गए। शाम को मंदिर परिसर में भगवान भोलेनाथ के विवाह में मनमोहक श्रृंगार बाबा महाकालेश्वर उज्जैन के राजा के स्वरूप में शिवजी माता पार्वती सहित शिव परिवार का सबको आनंदित करने बाला श्रृंगार कु देवी पटेल ने किया। शिव पार्वती जी के विवाह संपन्न होने के बाद सभी के सहयोग से महाआरती कर 56 भोग का प्रसाद लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए श्री मनसा पूरन नर्मदेश्वर महादेव मंदिर समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

### दो दिवसीय विज्ञान दिवस में हुई विभिन्न प्रतियोगिताएं और व्याख्यान माला

# विद्यार्थियों को अपने मन के विचारों को सहेजने और अमल करने की जरूरत

दमोह। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान दिवस मनाया गया दो दिन तक चले इस कार्यक्रम में पहले दिन विज्ञान पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें रंगोली, प्रश्नमंच, स्लोगन और पोस्टर प्रतियोगिताएं शामिल है। वहीं कार्यक्रम के दूसरे दिन समापन अवसर पर एक व्याख्यान माला का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता डॉ हरिसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सागर भौतिकी विभाग के विभागध्यक्ष डॉ आशीष वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आलोक जैन ने की। मंच पर कार्यक्रम की संयोजक डॉ संध्या पिंपलापुरे, डॉ एस के अग्रवाल, डॉ आर के व्यास, डॉ एन आर सुमन, उपस्थित रहे। मंच संचालन निहारिका चौरसिया ने किया और आभार इरफान खान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ वर्मा ने सरकार के द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में की जा रही प्रगति की चर्चा की वहीं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती उपयोगिता की बात कही उन्होंने विद्यार्थियों को सतत और गहन अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया वही प्राध्यापकों को भी अध्यापन में नवाचार करने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को मन में उठने वाले विचारों को न केवल सहेजना चाहिए बल्कि उन्हें नियमित रूप से लिखकर उस पर अमल भी करना चाहिए। व्याख्यान माला में आंन लाइन जुड़े डॉ विनीत रावत, वैज्ञानिक, बांटनिकल सर्वे आफ इंडिया जोधपुर ने वनस्पति की विविधता पर चर्चा की। डॉ एन आर सुमन ने युवा और विज्ञान विषय पर अपने विचार साझा किए। समापन अवसर पर पुरस्कार वितरण भी हुआ। रंगोली प्रतियोगिता में क्रांति पटेल और शिवानी पटेरिया को प्रथम पुरस्कार दिया गया वहीं नीतू पटेल और रक्षा पटेल को द्वितीय तथा सौरभ दुबे और शालिनी प्रजापति को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। स्लोगन प्रतियोगिता में रिमी जैन को प्रथम गरिमा असाटी को द्वितीय और शालू विश्वकर्मा और साक्षी बेन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में टीम सी विजय रही जिसमें संजय विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, दीपेश चौधरी और प्रिंसी चौरसिया को पुरस्कार प्रदान किया गया। वहीं पोस्टर प्रतियोगिता में निकिता सोनी, नेहा तिवारी और रेखा तिवारी को प्रथम अभिषेक तिवारी और शिवांगी केहरी को द्वितीय तथा अमर विश्वकर्मा विवेक गुप्ता और जिज्ञासा तिवारी को तीसरे स्थान के लिए पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ मनीष साहू ने प्रधानमंत्री इन्टर्नशिप योजना के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी।इस अवसर पर डॉ ऊषा सोनी, डॉ रमेश अहिरवार, श्रीमती मीरा माधुरी महंत, अनिल यादव, विनोद साहू, एकता मसीह, जितेन्द्र धाकड़ डॉ बी डी रेंकवार, डॉ मुनमुन सेन, ऋषिभा दीक्षित, डॉ अनिल जैन, धीरज जांनसन डॉ आशाराम यादव, डॉ सिकंदर डुलगज, रामसिया साकेत सहित महाविद्यालय स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।



## खबर संक्षेप

### कृषक ई उपार्जन पंजीयन कराएं - मानसी अग्रवाल

नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल हिनौता मंडल हल्का पटवारी हरिशंकर सोनी ने किसानों से अपील की है कि गिरदावरी पूर्ण हो चुकी है कृषक ई उपार्जन हेतु अपना पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत रनेह के ग्राम रनेह, सिंहपुर रनेह, पुरैना रनेह की गिरदावरी सर्वेयर दुर्गेश लोधी, नारायण कुसमया एवं ग्राम पंचायत रमपुरा के ग्राम रमपुरा धरमपुरा की गिरदावरी सर्वेयर भगवान दास पटेल, नितेश अठया जमना पटेल, राकेश पटेल द्वारा पूर्ण की गई है। कृषक ई उपार्जन हेतु पंजीयन कर सकते हैं।

### बिल्लियों और पोल्ट्री में बर्ड फ्लू की रिपोर्ट निगेटिव

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आमजन से कहा छिंदवाड़ा में बिल्लियों और खास तौर से पोल्ट्री में बर्ड फ्लू की बात सामने आई थी, तभी से जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है और हमारे यहाँ से भी बड़ी संख्या में सैंपल जबलपुर स्थित लेबोट्री भेजे गये हैं, वहाँ से किसी भी सैंपल के पॉजिटिव होने की रिपोर्ट नहीं है। अभी तक सभी सैंपल निगेटिव आए हैं, इसलिए किसी प्रकार की चिंता का विषय अभी तत्काल नहीं है। उन्होंने बताया पशुपालन विभाग इस पर पूरी निगाह रखे हुए हैं और इस बारे में एक एडवाइजरी भी जारी की जा रही है। ताकि हमारे जो पशुपालक हैं या बिल्ली पालक हैं या पोल्ट्री फर्म संचालक है, वो लोग इन विषयों को लेकर के सतर्क रहे।

### 30 हजार रूपये की आर्थिक सहायत स्वीकृत

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के ग्राम समन्ना के पास सड़क दुर्घटना में आनंद अठ्या एवं शांति अठ्या की मृत्यु होने पर मृतकों के वारिसान साकिन छापरी करंजू तहसील दमोह निवासी कोमल अठ्या को 15-15 हजार रूपये के हिसाब से 30 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

### नोहलेश्वर महोत्सव आगे भव्यता की नई ऊंचाइयों को छूयेगा - राज्यमंत्री

**दमोह ।** 18 फरवरी से संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी द्वारा आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव एवं मेला के नौवें दिवस स्थानीय लोक गीत कलाकारों द्वारा विभिन्न लोक गीत की प्रस्तुति दी गईं। रक्तदान समिति का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा श्री गणेश पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। कार्यक्रम में संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष रामकृष्ण कुसमरिया, मोनू पाठक, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, वरिष्ठ समाजसेवी कपिल मलैया सागर, सहित समाजसेवी एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। अतिथियों का स्वागत महोत्सव संयोजक सत्येंद्र सिंह, नितेन्द्र सिंह ने महोत्सव का अंग वस्त्र पहनकर किया। राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि विगत 18 फरवरी से आयोजित नोहलेश्वर महोत्सव में देश विदेश में प्रसिद्ध कलाकारों ने इस मंच से अपनी प्रस्तुति दी है, पूरे महोत्सव के दौरान जबेरा विधानसभा की जनता और दमोह जिले की जनता ने जो स्नेह और सहयोग दिया उससे यह निश्चित हो जाता है कि नोहलेश्वर महोत्सव की यह शुरुआत आगे भव्यता की नई ऊंचाइयों को छूयेगा।

## स्लाटर हाउस के मामले में कांग्रेस-भाजपा पार्षदों ने रखा अपना पक्ष, एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाये

# शुरू से ही स्लाटर हाऊस के विरोध में थे भाजपा ने जबरन तूल दिया: नपा अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह



दमोह नगर पालिका में पीआईसी की बैठक में स्लाटर को लेकर हुये बवाल के बाद अब शुक्रवार को कांग्रेस व भाजपा नेताओं ने अपने पार्षदों के साथ पत्रकारों को पूरे विषय की जानकारी दी। एक ओर जहां कांग्रेस की नपा अध्यक्ष व पार्षदों ने कहा कि शुरू से ही कांग्रेस स्लाटर हाऊस का विरोध में थी तो वहीं भाजपा पार्षदो ने कांग्रेसियों को षडयंत्रकारी बताते हुये उनपर आरोप लगाये।

### भाजपा ने छवि खराब करने षडयंत्र रचा

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू वीरेंद्र राय एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नचंद जैन, कांग्रेस पाषर्दगण एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता बुलाकर स्लाटर हाऊस (बूचड़खाना) के मामले में अपना पक्ष स्पष्ट किया। संबोधित करते हुए बिल्कुल स्पष्ट रूप से कहा की दमोह एक धार्मिक आस्था की नगरी है जिसमें सभी संप्रदाय के लोग निवास करते हैं एवं सनातन धर्म के लोगों की आस्था शुरू से ही गो वंश के विरुद्ध रही है। ऐसी स्थिति में दिनांक 25 फरवरी 2025 को आयोजित परिषद की बैठक का यही उद्देश्य था की समस्त परिषद को परिषद का प्रस्ताव क्रमांक 7 पढ़कर सुनाया जाए और सभी पार्षदों की सहमति दी जाए कि सिलस्टर हाउस नहीं खुलेगा नहीं खुलेगा। किंतु भाजपा के पार्षद गणों ने जानबूझकर बैठक में हो हल्ला मचाकर बैठक को निरस्त करवा दिया। पुनः 27 फरवरी को आयोजित बैठक मैं भी संकल्प क्रमांक 7 को ही सभी पार्षदों की सहमति से स्लाटर हाऊस हाउस के विरोध में हस्ताक्षर करके संकल्प पत्र की प्रति हाई कोर्ट जबलपुर भेजी जानी थी किंतु भाजपा द्वारा दमोह की जनता को भ्रमित करने के उद्देश्य से एवं धार्मिक द्वेष फैलाने की दृष्टि से यह पूरा षड्यंत्र रचा गया। पुणे कलेक्टर महोदय के माध्यम से बैठक स्थगित करवा दी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजू राय ने स्पष्ट रूप से कहा कि मैं और मेरी परिषद किसी भी सूरत में दमोह एवं आसपास के धार्मिक क्षेत्र में स्लाटर हाउस खोलने की अपनी सहमति कभी नहीं दे सकती।

अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवम राय ने इस अवसर पर पत्रकार बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि अध्यक्ष का प्रतिनिधि होने के नाते जब मैं स्पष्ट रूप से अपनी बात परिषद में रखता हूं तो तो बीजेपी के पार्षद प्रतिनिधि बोलने से रोकते हैं। जबकि वे लोग प्रतिनिधि के रूप में अपनी बात रख सकते हैं। यह दोहरा व्यवहार क्यों किया जा रहा है। मेरा स्पष्ट रूप से कहना है की दमोह के बुद्धिजीवि जन नगर पालिका के प्रस्ताव को ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं भाजपा द्वारा फैलाये जारहे षड्यंत्र का पर्दाफाश करें। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजा राय महिला कांग्रेस के अध्यक्ष रजनी ठाकुर कांग्रेस की संभागीय प्रवक्ता निधि श्रीवास्तव पाषर्दगढ़ राजा रौतेला राजू बघीरा रफीक खान अमर सिंह मिकी चंदेल हेमराज भइया रमेश राठौड़ जीशान पठान सेवा दल के बीरन ठाकुर प्रफुल्ल श्रीवास्तव मंजीत यादव वेल त्रिवेदी अरुण मिश्रा एडवोकेट नितिन मिश्रा आदि नेताओं की उपस्थिति रही।

### अन्य मुददों से ध्यान हटाने जानबूझकर किया हंगामा

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रत्नचंद जैन ने दमोह की जनता को आश्वस्त करते हुए कहा कि हम सभी सनातन धर्म के लोग ना तो कभी गोवंश के पक्ष में रहे हैं और ना ही स्लाटर हाउस जैसी परमिशन को नगर पालिका के माध्यम से देने के पक्ष में है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भाजपा और कांग्रेस के पार्षद गण एकमत होकर यदि प्रस्ताव के पक्ष में अपने हस्ताक्षर करके उसकी प्रति हाई कोर्ट को भेज देते तो निश्चित रूप से इस अनिश्चित पर पूर्ण विराम लग जाता किंतु जानबूझकर शहर के अन्य मुद्दों से ध्यान भटकने एवं कांग्रेस शासित परिषद की छवि को धूमिल करने को उद्देश्य कतिपय नेताओं द्वारा षड्यंत्र रचा गया उसकी जिला कांग्रेस कमेटी निंदा करती है और हम शहर के विकास के लिए कृत संकल्पित है

# विरोध के कारण कांग्रेस निर्णय बदलने पर हुई मजबूर, यह जनता की जीत : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह



भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका दमोह के पार्षद गणों ने जिला उपाध्यक्ष रमन खत्री, नेता प्रतिपक्ष विजय जैन, कपिल सोनी, यशपाल सिंह, नितिन चौरसिया, अमित त्यागी, मनीष शर्मा, भाजपा मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेन्द्र जैन विवेक सेन, विवेक अग्रवाल, सतीश जैन, मोनू राजपूत, टोनी राय, साधना तिवारी, हिमानी पारोचे, संजय कुशवाहा की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें कॉग्रेस शासित नगर पालिका दमोह द्वारा दमोह में पशु वध केंद्र खोलने के संबंध में प्रस्ताव पर विस्तृत जानकारी दी।

रमन खत्री ने कहा कि कॉग्रेस शासित नगर पालिका ने बहुत ही षड़यंत्र पूर्ण तरीके से नगर पालिका परिषद के सम्मेलन में पशु वध केंद्र में माननीय उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका क्र. 28057/2024 मुर्रसलीम कुरैशी विरूद्ध मप्र शासन एवं अन्य में पारित आदेश दिनांक 4.12.2024 के निर्णय की सूचना परिषद के सम्मेलन में जोड़ी गई। यह इनकी चाल है यह पशु वध केंद्र खोलने के पक्ष में थे भाजपा और जनता के विरोध के कारण ये अब अपने ही निर्णय से पलट गये हैं। यह जनता की जीत हैं। नेता प्रतिपक्ष विजय जैन ने कहा कि 25 फरवरी 2025 को नगर पालिका परिषद का जो सम्मेलन बुलाया गया वह नगर पालिका उपाध्यक्ष सुषमा विक्रम सिंह के लेटर हेड पर जो सम्मेलन बुलाने की मांग की गई थी परंतु सम्मेलन में उपाध्यक्ष के द्वारा दिए गए सुझाव और बिंदुओं पर विचार नहीं किया गया केवल अध्यक्ष के द्वारा सम्मिलित बिंदु ही रखे गए इससे यह स्पष्ट होता है कि नगर पालिका अध्यक्ष की कार्यप्रणाली तानाशाह हैं। इन्होंने सम्मेलन के बिंदु क्रमांक 7 में केवल पशुवध केंद्र के संबंध में सूचना की जानकारी बताई गई कोई अधिक जानकारी नहीं दी गई इससे यह स्पष्ट है कि कांग्रेस शासित नगर पालिका और अध्यक्ष पशु वध के पक्ष में ही थे जनता को गुमराह करने के लिए यह विरोध की बात कर रहे है। इनकी यह पूर्व नियोजित योजना के तहत अधिनियम की धारा 61 के तहत कोरम पूरा कर अपने प्रस्ताव पारित करना चाहते थे। इस अवसर पर कपिल सोनी व पार्षद यशपाल सिंह राजपूत ने भी संबोधित किया।

# कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**दमोह ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी वार्षिक परीक्षा 2025 के अंतर्गत 28 फरवरी को जिले के 78 केंद्रों में अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र संपन्न हुआ । इसी तारतम्य में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जेपीबी स्थित कंट्रोल रूम में जिले के विभिन्न केंद्रों में लगे हुए कैमरे का जायजा लिया तथा कंट्रोल रूम के माध्यम से सभी परीक्षा केंद्रों का ऑनलाइन निरीक्षण किया । कलेक्टर श्री कोचर ने परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथना, परीक्षा केंद्र शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या पथरिया ,परीक्षा केंद्र शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पथरिया ,परीक्षा केंद्र शासकीय सीएम राइज पथरिया तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सदगुवां में स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। सभी जगह शांतिपूर्ण परीक्षा संचालित पाए जाने पर व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। 28 फरवरी को जिले के 78 केंद्रों में अंग्रेजी विषय का प्रश्न पत्र एवं 5 केंद्रों में हाई स्कूल परीक्षा उर्दू विषय का प्रश्न पत्र संपन्न हुआ। अंग्रेजी विषय में कुल परीक्षार्थी 10269 में से 10126 परीक्षार्थी उपस्थित रहे 143 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। उर्दू विषय के सभी पांचों केंद्रों में कुल 108 परीक्षार्थी दर्ज थे जिनमें से सभी 108 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए कोई भी परीक्षार्थी अनुपस्थित नहीं रहा।

### भतीजे की शादी का निमंत्रण देकर लौट रहे चाचा की सड़क दुर्घटना में मौत

**जबेरा।** जबेरा थाना अंतर्गत दमोह जबलपुर स्टेट हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। यह हादसा तब हुआ जब तीन लोग एक बाइक पर सवार होकर भतीजे की शादी का निमंत्रण देकर घर वापस लौट रहे थे। गुरुवार की देर रात हरदुआ खुर्द के पास अज्ञात पिकअप वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।मृतक के भतीजे अमोल सींग चाचा मुकेश सींग मेरी शादी का निर्माण देकर घर वापस लौटते वक्त हरदुआ खुर्द के पास अज्ञात पिकअप की टक्कर मार दी हादसे की सूचना मिलते ही हंड्रेड डायल में ड्यूटीरत प्रधान आरक्षक रनमत चालक मनीष की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मुकेश पिता कन्हई (38) निवासी गोरखा सिग्रामपुर चौकी को मृत घोषित कर दिया। जबकि भाव सींग पिता मौजी और रविंद्र पिता गुलाब निवासी गोरखा सिग्रामपुर चौकी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा करवाई और शव का पीएम करवाकर हादसे की अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

# लोकायुक्त पुलिस ने एएसपी कार्यालय के स्टोनो को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा

**दमोह।** सागर लोकायुक्त की टीम ने दमोह के एडिशनल एसपी के स्टेनो को एक मुरम ठेकेदार से 25000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ने के बाद में भ्रष्टाचार अधिनियम की धारा 7 के तहत कार्यवाही की है। रिश्वत की यह रकम मुरम का काम बेरोक टोंक चलने देने के बदले में वसूली जा रही थी लेकिन लोकायुक्त ने रंग में भंग करते हुए मामले का पर्दाफाश कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरम ठेकेदार सुमित सोनी ने लोकायुक्त सागर एसपी को पिछले दिनों लिखित शिकायत में बताया था कि दमोह एसपी ऑफिस में पदस्थ स्टेनो-2 त्रिलोक अहिरवार के द्वारा उनसे रंगदारी रिश्वत के रूप में Rs 30000 मासिक की मांग की जा रही है। दरअसल सुमित सोनी ने पिछले दिनों मुरम खनन परिवहन की लीज खनिज विभाग से ली थी। उसने अपना कार्य शुरू किया ही था कि उसके पास एडिशनल एसपी के स्टेनो त्रिलोक के फोन आने शुरू हो गए तथा उसने ऑफिस बुलाकर धमकाते हुए 40000 Rs मासिक की पुलिस विभाग की तरफ से डिमांड कर दी। इसके बाद उसने 30000 मासिक देने का वादा करते हुए 5000 देकर लोकायुक्त सागर के समक्ष इसकी शिकायत कर दी। इसके बाद लोकायुक्त सागर की टीम ने इसकी पुष्टि की तथा शुक्रवार शाम स्टेनो त्रिलोक ने सुमित को होम ग्राउंड रुपए लेकर बुलाया। तथा 25 हजार रूपये गाड़ी में रखने को कहा। जैसे ही सुमित ने उपरोक्त रकम त्रिलोक की गाड़ी में रखी वैसे ही लोकायुक्त टीम ने निरीक्षक पीएम द्विवेदी के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए उपरोक्त रकम को जप्त करने के साथ त्रिलोक को हिरासत में लेने में देर नहीं की। बाद में कोतवाली लाकर आगे की कार्यवाही की गई।



### युवक ने ट्रेन से कट कर की आत्महत्या

**दमोह।** शहर के जबलपुर नाका स्थित टीवीएस एजेंसी के पीछे निवासरत पुरुषोत्तम विश्वकर्मा के 32 वर्षीय पुत्र राहुल विश्वकर्मा ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली से एएसआई राकेश पाठक, आरक्षक बेनी प्रसाद और आरक्षक शैलेंद्र ने पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम करवाई की। स्थानीय लोगों के अनुसार बताया जा रहा है कि लगातार कर्ज से परेशान था, परेशानी होने के कारण युवक ने यह आत्महत्या करने का कदम उठा लिया होगा। राहुल ने रात में 11-12 बजे के बीच दोस्त से बात होने के बाद युवक ने यह कदम उठाया। कोतवाली पुलिस ने मौके पर धरमपुरा पहुंच कर बारीकी से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



# एमएलबी स्कूल के सामने अतिक्रमण पर प्रशासन की कार्रवाई

## प्रशासनिक अधिकारियो के दलबल के साथ पहुंची नगरपालिका की टीम, लगाए गए द्वेषपूर्ण कार्यवाही के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा



नगर के मुख्य मार्ग एमएलबी स्कूल के सामने पुलिया के समीप बनें राजा पटेल के मकान के बाजू से पड़ी खाली जमीन पर मकान मालिक द्वारा अतिक्रमण किए जानें पर राजस्व, पुलिस विभाग व नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा शुक्रवार की शाम अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की गई। लेकिन इसके पूर्व अतिक्रमण हटाए जाने पर पुलिस प्रशासन व भाजपा नेताओ के बीच काफी बहस होते हुए देखी गई जहां नेताओं ने एक जनप्रतिनिधि के इशारे पर कार्यवाही किए जाने के आरोप लगाए। दरअसल एमएलबी स्कूल के सामने बनी पुलिया के बाजू से रूसल्ली निवासी राजा पटैल के मकान से सटी हुई नाला किनारे पड़ी कुछ जमीन पर टीनशेड लगाकर अतिक्रमण किया गया था जिसे हटानें के लिए नगरपालिका प्रशासन दलबल के साथ जेसीबी मशीन लेकर पहुंचा जहां पहले से मौजूद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल राजबहादुर पटेल राजा पटेल द्वारा थाना प्रभारी धर्मेन्द्र उपाध्याय व नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार के साथ नगरपालिका अतिक्रमण प्रभारी मनीष ताम्रकार के बीच काफी गहमा-गहमी के बीच बहस चलती रही जहां शिवचरण पटेल ने प्रशासन के ऊपर दबावपूर्ण पक्षपात रवैये की कार्यवाही के आरोप लगाए लेकिन इसके बाबजूद भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की गई। जहां प्रशासन का कड़ा रुख देखकर मकान मालिक द्वारा स्वयं ही अतिक्रमण हटा लिया गया एवं प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि नगरपालिका व राजस्व विभाग द्वारा एक जनप्रतिनिधि के दबाव में आकर पक्षपात पूर्ण कार्यवाही की गई जबकि नगर में चारो तरफ लोगो द्वारा अतिक्रमण किया गया जिसकी शिकायतें भी पूर्व में की गई लेकिन उस पर कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाए जानें के पूर्व मुझे कोई नोटिस नहीं दिया गया जिससे प्रशासन की द्वेष पूर्ण कार्रवाई प्रतीत होती है।

### हरदुआखुर्द गांव में घर में लगी आग, बमुश्किल पाया काबू

**जबेरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ में एक घर में शॉर्ट सर्किट की बजह से आग लग गई, जिससे पूरा घर जल गया। जिसके अंदर रखा घर गृहस्थी का सामान खाक हो गया घटनास्थल पर डायल हंड्रेड की टीम ने तुरंत कार्रवाई की और गांव वासियों की मदद से आग को बुझाने में सफलता प्राप्त की। डायल हंड्रेड के पायलट मनीष और आरक्षक 504 प्रताप सिंह ने अपनी सूझबूझ और तत्परता से आग को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बताया जाता है प्रयाग बाई झरिया अपने पुत्र के साथ घर में रहती थीं आग से मकान मालिक को का सारा खाने पीने का सामान पहनने ओढ़ने के कपड़े सहित घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया है। राहत की बात घर में लगी भीषण आग से कोई हताहत नहीं हुआ शार्ट सर्किट की वजह से कच्चे मकान में लगी आग देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया हालांकि की आगजनी की घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज नहीं कराई गई है।



## विधायक ने किया गैसाबाद के निर्माणाधीन स्टाप डैम का निरीक्षण...

# घटिया रेत के उपयोग पर विधायक ने ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏩ गेसाबाद



स्थानीय विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक अचानक ही गैसाबाद व्यारमा नदी पर बन रहे स्टॉप डैम का औचक निरीक्षण करने पहुंची जहां पर निर्माण कार्य में घटिया रेत का उपयोग होते देखा विधायक ने अपनी नाराजगी जहिर करते हुए ठेकेदार को घटिया रेत का उपयोग नहीं करने की कड़े शब्दों में हिदादत दी। प्राप्त जानकारी अनुसार दमोह एवं पन्ना जिला की सीमा रेखा व्यारमा नदी पर बनाये जा रहे स्टॉप डैम को लेकर शासन की यह मंशा है कि पन्ना जिला के ग्राम आमघाट एवं दमोह जिला के ग्राम गैसाबाद को जोड़कर नदी में ऐसी व्यवस्था की जाए की गर्मी के मौसम में भी यहां पर पर्याप्त पानी संचित किया जाए ताकि इसका लाभ क्षेत्र वासियों को प्राप्त हो सके। लेकिन ठेकेदार की मनमानी के चलते निर्माण कार्य मजबूती से होते हुए दिख नहीं रहा है। लगभग 5 करोड़ की लागत से बनने वाले इस स्टाफ डैम में घटिया रेत गुणवत्ताहीन लोहा का उपयोग किए जाने की शिकायते पूर्व में भी ग्रामीण जनों द्वारा भी की गई थी लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया। इसी संदर्भ मे आज स्थानीय विधायक श्रीमती उमादेवी खटीक गैसाबाद पहुंची और निर्माणधीन स्टाफ डैम का जायजा लिया जहां पर मिट्टी युक्त घटिया रेत लगाई जा रही थी। विधायक ने रेत को अपने हाथ में लेकर देखा जांचा बरखा रेत एकदम घटिया एवं लोकल मिट्टी युक्त पाई गई विधायक ने ठेकेदार से तुरंत इस घटिया रेत को अलग करने को कहा एवं घटिया रेत का सैंपल अपने साथ ले जाते हुए ठेकेदार को फटकार लगाते हुए कहा की घटिया सामग्री का उपयोग करना गलत बात है। आप निर्माण कार्य ईमानदारी एवं मजबूती से करें। अन्यथा में इस संदर्भ में कलेक्टर महोदय से बात करूंगी। इस दौरान शासकीय अधिकारीयो के साथ भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बलैह पंचायत के सरपंच जुगल पटेल लंबरदार की भी उपस्थिति रही। यहां पर यह बताना जरूरी है कि इस स्टॉप डैम का निर्माण कार्य प्रारंभ से ही विवादों मे रहा है। ठेकेदार ने अपनी मनमर्जी से अपनी सहूलियत अनुसार पहले स्टाफ डैम का निर्माण बड़े घाट पर करना चाह जहां पर हमेशा पानी बना रहता है जब गांव वालों ने इसका विरोध किया तो वहां से मुश्किल 100 मीटर की दूरी पर निर्माण कार्य किया जा रहा है। जबकि ग्रामीण जनों की मांग थी कि यह स्टॉप डैम कुरया घाट के नीचे बनाया जाए ताकि गर्मी के मौसम में कुरया घाट पर पर्याप्त पानी रह सके। ज्ञात हो कि इसी घाट पर शमशान घाट भी है जहां पर लोग अंतिम संस्कार करने के बाद स्नान आदि करने को आते हैं गर्मी के मौसम में यहां पर बिल्कुल पानी नहीं रहता है। इसीलिए ग्रामीणों की मांग थी कि स्टॉप डैम यहीं पर बनाया जाए लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। अब देखना यह होगा कि विधायक द्वारा दी गई हिदादत का ठेकेदार पर कितना असर पड़ता है या फिर सब यूं ही चलता रहेगा।